सीएसआईआर - केन्द्रीय काँच एवं सिरामिक अनुसंधान संस्थान
196, राजा एस. सि. मल्लिक रोड, कोलकाता-700 032, भारत
CSIR-Central Glass & Ceramic Research Institute
196, Raja S. C. Mullick Road, Kolkata 700 032,India

## तकनीकी सहायक (इलेक्ट्रॉनिक्स एवं इन्स्ट्रूमेंटेशन अभियांत्रिकी, मैकेनिकल अभियांत्रिकी, इलेक्ट्रीकल, सिविल, सिरामिक अभियांत्रिकी और टेक्नोलॉजी, कम्प्युटर सायन्स और अभियांत्रिकी, केमिकल सायन्स/केमिकल अभियांत्रिकी, केमिस्ट्री, लाइब्रेरी सायन्स, कम्प्यूटर, इलेक्ट्रॉनिक्स एवं संचारण) की भर्ती हेतु ऑन-लाईन परीक्षा - 2023

### सूचना पुस्तिका

इस पुस्तिका में आपके द्वारा दिया जाने वाला ऑनलाइन परीक्षा संबंधी विविध पहलुओं के ब्योरे और संबंधित विषयवस्तुओं के बारे में महत्वपूर्ण निर्देश हैं। आपको इस पुस्तिका का ध्यान से अध्ययन करने की सलाह दी जाती है क्योंकि इससे आपको परीक्षा की तैयारी करने में सहायता मिलेगी।

इस ऑनलाइन परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रकार की बहुविकल्प प्रश्नावलियां निम्नानुसार होंगी :

### तकनीशियन पद के लिए परीक्षा का स्वरूप

| पेपर | प्रश्नावली का नाम | प्रश्नों की संख्या | अधिकतम अंक | ऋणात्मक अंक | माध्यम | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|---|
| I | बौद्धिक क्षमता परीक्षण* | 50 | 100 (प्रत्येक सही उत्तर को 2 अंक) | कोई दंड नहीं | द्विभाषी अर्थात अंग्रेजी और हिंदी में (अंग्रेजी भाषा की प्रश्नावली को छोडकर) | 60 मिनट |
| II | सामान्य सचेतता | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर को 3 अंक) | दंडस्वरूप 1 अंक हर एक गलत उत्तर के लिए | | 30 मिनट |
| | अंग्रेजी भाषा | 25 | 75 (प्रत्येक सही उत्तर को 3 अंक) | | | |
| III | संबंधित (तकनीकी) विषय | 100 | 300 (प्रत्येक सही उत्तर को 3 अंक) | | | 90 मिनट |
| | **कुल** | **200** | **550** | | | **180 मिनट** |

( * बौद्धिक क्षमता परीक्षण ऐसे तैयार किया जाएगा जिसमें सामान्य बुद्धिमत्ता, आंकिक क्षमता, तर्कशक्ति, समस्या हल करना, स्थितिजन्य निर्णय आदि शामिल किया जाएगा )

**द्वितीय एवंम तृतीय पत्र में अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरूप आपके अंको में कटौती की जायेगी। ऐसे किसी भी प्रश्न के निर्धारित 3 अंकों में से जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड स्वरूप 1 अंक काट लिए जाएंगे।**

प्रश्नपत्रिका में तीन पेपर (पेपर I, II और III) होंगे। इसमें द्वितीय एवंम तृतीय पत्र का मूल्यांकन केवल उन उम्मीदवारों का किया जाएगा जिन्होंने प्रथम पत्र में न्यूनतम अंक सीमा हासिल किए है; हालांकि अंतिम योग्यता सूची तैयार करते समय केवल द्वितीय एवंम तृतीय पत्रों के अंको का विचार किया जाएगा।

परीक्षा के लिए समय 180 मिनट है; यद्यपि लागिंग इन, प्रवेश पत्र संग्रहण, निर्देश पढ़ना आदि को मिलाकर आपको परीक्षा स्थल में लगभग 240 मिनट रहना पड़ सकता है । अंग्रेजी भाषा परीक्षा के अलावा सभी प्रश्नावलियां अंग्रेजी व हिन्दी में उपलब्ध कराई जाएंगी । प्रश्नावली के निर्धारित समय के भीतर आप उस प्रश्नावली के किसी भी प्रश्न का उत्तर दे सकते हैं । सभी प्रश्नों में बहुविकल्प होंगे। प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा। **आपको सर्वाधिक उपयुक्त उत्तर का चयन करना है और जिस विकल्प को आप उपयुक्त/सही समझते हैं उसे 'माउस क्लिक' करना है । आपने जिस विकल्प को क्लिक किया है वह उस प्रश्न का आपका उत्तर माना जाएगा । पेपर II में अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरुप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । ऐसे किसी भी प्रश्न के जिसका आपने गलत उत्तर दिया है, दंड के स्वरुप में (3 में से) 1 अंक काट लिए जाएंगे ।**

**अगर आप गलत उत्तर देंगे तो दंड स्वरुप आपके अंकों में कटौती की जायेगी । आपने जिस प्रश्न का गलत उत्तर दिया है, दंड के स्वरुप 1 अंक काट लिया जाएगा ।**

**** दृष्टीहिनता के वर्ग में PwBD अभ्यर्थीयों के मामले में अभ्यर्थीयों को यदि चाहे तो स्क्राईब की अनुमति दी जा सकती है । बाकी वर्ग के PwBD अभ्यर्थीयों के मामले में परिक्षा के समय, सरकारी स्वास्थ देखभाल संस्था से संबद्ध मुख्य चिकित्सा अधिकारी / सिविल सर्जन / मेडिकल सुपरीटेंडेंट द्वारा प्रमाणपत्र प्रस्तुत करने पर कि - 'अभ्यर्थी शारिरीक अपंगत्व के कारण लिखने में असमर्थ है तथा उनकी ओर से परिक्षा लिखने के लिए स्क्राईब आवश्यक है' तभी यह व्यवस्था का लाभ ले सकेंगे ।***

ऑनलाइन परीक्षा का स्कोर, निम्न प्रक्रिया को अपनाकर निकाले जाते हैं :

(i) गलत उत्तरों के लिए दंड लगाने के बाद, संशोधित अंकों की गणना हेतु प्रत्येक वस्तुनिष्ठ परीक्षा में अभ्यर्थी द्वारा दिए गए सही उत्तरों की संख्या पर विचार किया जाता है ।

* अभ्यर्थी द्वारा किसी भी प्रश्नावली में प्राप्त समीकृत अंकों को सभी फॉर्मों के अंकों के वितरण पर विचार करते हुए बेस फॉर्म से समीकृत किया जाता है ।

(ii) प्रत्येक प्रश्नावली एवं परीक्षा में अंतिम अंकों को दशमलव बिन्दू सहित दो अंकों तक रिपोर्ट किया जाता है ।

नोट : कट-ऑफ दो चरणों में लागू होते हैं :

(i) अलग-अलग वस्तुनिष्ठ प्रश्नावली के अंकों पर

(ii) कुल वस्तुनिष्ठ अंकों पर

नमूने के कुछ प्रश्न यहाँ दिए गए हैं ।

## नमूना प्रश्न

**कृपया नोट करें कि इस पुस्तिका में दिए गए प्रश्न केवल उदाहरण हैं सर्वांगपूर्ण नहीं हैं । वास्तविक परीक्षा में प्रश्न अधिक कठिन या अलग प्रकार के भी हो सकते हैं, जिनका कि यहाँ वर्णन नहीं किया गया है ।**

## बौद्धिक क्षमता परीक्षण

**प्र.1.** परान्दा शहर ग्रीन लेक में स्थित है । अकरम शहर परान्दा के पश्चिम में है । तोखाडा, अकरम के पूर्व में किंतु परान्दा के पश्चिम में है । काकरन, बोपरी के पूर्व में स्थित है किंतु तोखाड़ा और अकरम के पश्चिम में है । ये सभी शहर एक ही जिले में हैं तो कौनसा शहर पश्चिम में सबसे दूर है ?

(1) परान्दा (2) काकरन (3) अकरम (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.2.** लड़कियों की एक पंक्ति में, यदि सीता, जो बाएं से 10 वीं है और लीना, जो दाएं से 9 वी हैं, आपस में अपने स्थान बदल कर लेती हैं, तो सीता बाएं से 15 वी हो जाती है । पक्ति में कितनी लडकियां हैं ?

(1) 16 (2) 18 (3) 19 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.3.** TOPS के अक्षरों को पुनर्व्यवस्थित करके यदि O से शुरु होनेवाला कोई सार्थक शब्द बनाया जा सके तो उस शब्द का अंतिम अक्षर आपका उत्तर है। यदि एक से अधिक शब्द बन सकते हों तो उत्तर है M और यदि कोई शब्द न बन सकता हो तो उत्तर है X ।

(1) T (2) M (3) X (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.4.** सोहनलाल ने रु. 100 प्रति रीम से पेपर के 120 रीम खरीदे । ढुलाई पर खर्च रु. 480 था । उसे 50 पैसे प्रति रीम का चुंगी शुल्क और कुली को रु. 60 का भुगतान करना पड़ा । यदि वह 20% का लाभ चाहता हो तो प्रत्येक रीम का बिक्री मूल्य क्या होना चाहिए?

(1) रु. 126 (2) रु. 115.50 (3) रु. 105 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.5-6. निर्देश :** नीचे सारणी में कुल 700 में से कर्मचारियों का प्रतिशत दर्शाया गया है जो 6 विशेषताओं को दी गयी श्रेणियों के आधार पर है जिनसे पदोन्नति में सहायता मिलती है । श्रेणी I सबसे अधिक है । सारणी का सावधानीपूर्वक अध्ययन कीजिये तथा उसके नीचे दिए प्रश्नों का उत्तर दें :

| विशेषता | विभिन्न श्रेणियां देने वाले कर्मचारियों का प्रतिशत | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | I | II | III | IV | V | VI |
| वरिष्ठता | 32 | 17 | 22 | 19 | 5 | 5 |
| अध्यवसाय | 14 | 19 | 17 | 9 | 27 | 14 |
| कार्य निपुणता | 15 | 19 | 21 | 14 | 14 | 17 |
| बुद्धिमत्ता | 10 | 14 | 10 | 14 | 17 | 35 |
| ईमानदारी | 24 | 17 | 7 | 9 | 27 | 16 |
| सामाजिकता | 5 | 14 | 23 | 35 | 10 | 13 |

**प्र.5.** पदोन्नति के लिए किस विशेषता को सर्वोच्च श्रेणी मिली है ?
(1) अध्यवसाय (2) वरिष्ठता (3) ईमानदारी (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.6.** कितने कर्मचारियों ने बुद्धिमता को श्रेणी III दी हैं ?
(1) 119 (2) 98 (3) 77 (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## सामान्य सचेतता

**प्र.1.** RBI में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है ?
(1) India (2) International (3) Insurance (4) Income

**प्र.2.** आर. के लक्ष्मण किस बात के लिए प्रसिद्ध हैं ?
(1) चित्रकारी (2) कार्टून (3) फिल्म दिग्दर्शन (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.**3. OSCAR पुरस्कार, निम्नलिखत में से किस क्षेत्र में सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन के लिये दिया जाता है ?
(1) फिल्म (2) साहित्य (3) खेल (4) विज्ञान

**प्र.**4. निम्नलिखित में से कौन व्यक्ति ऑपरेशन फ्लड कार्यक्रम से नजदिकता से जुडे हुए हैं और हाल ही में पद्म विभूषण से सम्मानित किया गया है ?
(1) डा. वी. कुरीयन (2) डा. एम्. एस्. स्वामीनाथन (3) डा. अमर्त्य सेन (4) डा. ए. पी. जे. अब्दुल कलाम

**प्र.**5. प्रत्येक _______ में हमारे देश में “Kumbh-Mela” आयेजित होता है ।
(1) 6 वर्ष (2) 10 वर्ष (3) 14 वर्ष (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.**6. निम्नलिखित में से कौन वर्तमान में भारत का प्रधानमंत्री है ?
(1) श्री नरेंद्र मोदी (2) श्री अमित शहा (3) योगी अदित्यनाथ (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

**प्र.**7. IRDA में अक्षर I निम्नांकित में से किसके लिए प्रयुक्त होता है?
(1) International (2) Insurance (3) Income (4) Institute

**प्र.**8. निम्न में से कौन भारत के वर्तमान वित्त मंत्री हैं ?
(1) श्री अरुण जेटली (2) श्री पी. चिदम्बरम (3) श्री अमित शाह (4) दिए गए विकल्पों को छोड़कर अन्य

## अंग्रेजी भाषा

इस प्रश्नावली का प्रयोजन आपके अंग्रेजी भाषा ज्ञान को परखना है । व्याकरण, शब्द भंडार, वाक्यों को पूर्ण करना, समानार्थी, विपरीतार्थी शब्द, अनुच्छेद की समझ आदि संबंधों प्रश्नों से आपके अंग्रेजी भाषा संबंधी ज्ञान की परीक्षा ली जाएगी । नीचे कुछ नमूना प्रश्न प्रस्तुत हैं, उनका अध्ययन करें और उत्तर दें। लेकिन इस बात का ध्यान रखें कि परीक्षा में कई अन्य प्रकार के प्रश्न भी हो सकते हैं ।

**प्र.1-3. निर्देश :** निम्नलिखित वाक्यों को सार्थक ढंग से पूर्ण करने के लिए वाक्यों के नीचे दिये गये शब्दों में से उपयुक्त शब्द का चयन करें।

**प्र.1.** He quickly glanced _______ the book to find what it said about the Indian economy.
(1) at (2) through (3) in (4) to

**प्र.2.** The counsel urged the court to _______ down the obnoxious law.
(1) enact (2) enforce (3) cancel (4) strike

**प्र.3.** The local official _______ the Minister of the situation.
(1) explained (2) warned (3) apprised (4) told

**प्र.4-6.** **निर्देश :** कृपया प्रत्येक वाक्य पढ़कर यह पता करें कि क्या उसमें कोई व्याकरण संबंधी गलती है ? यदि कोई गलती हो तो वह वाक्य के किसी एक भाग में होगी । उस भाग का क्रमांक ही आपका उत्तर है । यदि वाक्य में कोई गलती नहीं है तो उत्तर 'No error' है ।

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| **प्र.4.** | I am twenty two years old / | when I first / | joined the bank. | No error |
| | (1) | (2) | (3) | (4) |
| **प्र.5.** | To the Hindus / | the Ganga is holier than / | any other river. | No error |
| | (1) | (2) | (3) | (4) |
| **प्र.6.** | Of all the teachers / | in our school / | our class teacher were very strict. | No error |
| | (1) | (2) | (3) | (4) |

## संबंधित (तकनिकी विषय)

इस प्रश्नावली के उप-प्रश्न संबंधित कार्यक्षेत्र ज्ञान से संबंधित होंगे ।

### (अ) ऑन-लाईन परीक्षा पैटर्न का विवरण :

(1) परीक्षा ऑनलाइन अर्थात कंप्यूटर पर होगी ।

(2) 'अंग्रेजी भाषा' को छोड़कर सभी प्रश्न अंग्रेजी व हिन्दी में होंगे ।

(3) सभी प्रश्नों में बहु विकल्प होंगे । प्रश्न के चार उत्तर में से केवल एक सही उत्तर होगा । **उम्मीदवार को सही उत्तर चुनकर उसे उस विकल्प को 'माउसक्लिक' करना है जो सही है । क्लिक किया गया विकल्प उस प्रश्न का उत्तर माना जाएगा । किसी भी प्रश्न का उत्तर, अंकन के लिये तभी मान्य होगा जब उम्मीदवार ने उसको "Save & Next" अथवा "Mark for Review & Next" के साथ सेव किया हो ।**

(4) सर्वर पर घड़ी सेट की गई है और आपके स्क्रीन पर ऊपरी दांए कोने में काउंट डाउन टाइमर आपके लिए परीक्षा पूरी करने के लिए शेष समय दर्शाएगा । घड़ी में समय पूरा हो जाने पर परीक्षा का समय स्वतः पूरा हो जाता है आपको अपनी परीक्षा समाप्त या सबमिट नहीं करनी है ।

(5) स्क्रीन के दाहिने कोने पर प्रश्न पैलेट, प्रत्येक प्रश्न के लिए निम्न में से कोई एक स्थिति प्रकट करता है :


**आप अभी तक प्रश्न पर नहीं गए हैं।**


**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है।**


**आप प्रश्न का उत्तर दे चुके हैं।**


**आपने प्रश्न का उत्तर नहीं दिया है पर प्रश्न को पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है।**


**प्रश्न जिसका उत्तर दिया गया है और समीक्षा के लिए भी चिह्नित है, उसका मूल्यांकन किया जायेगा।**

पुनर्विचार के लिए चिह्नित **(Marked for Review)** स्थिति सामान्यतः अनुस्मारक के रूप में कार्य करती है जिसे आपने प्रश्न को दुबारा देखने के लिए सेट किया है । *यदि आपने किसी प्रश्न के लिए उत्तर चुना है जिसे पुनर्विचार के लिए चिह्नित किया है, तब मूल्यांकन में उस उत्तर पर विचार किया जाएगा ।*

(6) उत्तर देने के लिए प्रश्न चुनने के लिए आपको निम्नलिखित में से एक करना है :

(क) उस नंबर के प्रश्न पर सीधे जाने के लिए आपके स्क्रीन के दांए तरफ स्थित प्रश्न पैलेट पर प्रश्न नंबर पर क्लिक कीजिए। नोट करें कि इस विकल्प के प्रयोग पर वर्तमान प्रश्न का आपका उत्तर **सेव नहीं होता** है ।

(ख) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने के लिए और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Save & Next'** पर क्लिक करें।

(ग) वर्तमान प्रश्न का उत्तर सेव करने, उसे रिव्यू हेतु मार्क करने और क्रम में अगले प्रश्न पर जाने के लिए **'Mark for Review & Next'** पर क्लिक करें।

(7) अपना उत्तर चुनने के लिए, एक विकल्प बटन पर क्लिक करें।

(8) अपना उत्तर बदलने के लिए दूसरा वांछित विकल्प बटन क्लिक करें।

(9) अपना उत्तर सेव करने के लिए आपको **Save & Next** पर क्लिक करना चाहिए ।

(10) चुना गया उत्तर डिसिलेक्ट करने के लिए, चुने गए विकल्प पर फिर से क्लिक कीजिए या **Clear Response बटन** पर क्लिक कीजिए।

(11) रिव्यू के लिए प्रश्न मार्क करने के लिए **Mark for Review & Next** पर क्लिक कीजिए । यदि **Marked for Review** प्रश्न के लिए उत्तर चुना जाता है तो अंतिम मूल्यांकन में उत्तर पर विचार किया जाएगा ।

(12) किसी प्रश्न का उत्तर बदलने के लिए, पहले प्रश्न सिलेक्ट कीजिए और फिर नये उत्तर पर क्लिक कीजिए और उसके बाद **Save & Next** बटन पर क्लिक कीजिए ।

(13) **जो प्रश्न उत्तर देने के बाद 'Save' या उत्तर देने के बाद 'Mark for Review' किए गए हैं, सिर्फ उन्हीं प्रश्नों पर मूल्यांकन के लिए विचार किया जाएगा।**

(14) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को सीएसआईआर-सीजीसीआरआई द्वारा निश्चित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से रोक लगा दिया जाएगा।

(15) उम्मीदवार केवल परीक्षा शुरू होने से पहले टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर से अपनी शंकाओं का समाधान कर सकता है । परीक्षा शुरु होने के बाद किसी भी प्रश्न (शंका) का उत्तर नहीं दिया जाएगा ।

(16) दिए गए समयावधि की समाप्ति के बाद, उम्मीदवार ना ही किसी भी प्रश्न का उत्तर दे पाएंगे और ना ही अपने उत्तर का जांच कर पाएंगे । उम्मीदवार ने 'सबमिट' बटन क्लिक नहीं किया होगा तब भी कंप्यूटर सिस्टम द्वारा उसके उत्तर स्वतः सेव कर लिए जाएंगे ।

(17) **कृपया नोट करें :-**

**(क) परीक्षा का पूर्ण समय समाप्त होने तक उम्मीदवारों को** 'फाइनली सबमिट' **करने नहीं दिया जाएगा ।**

**(ख) एक बार परीक्षा शुरू हो जाने पर किसी भी परिस्थिति में कोई उम्मीदवार की-बोर्ड के किसी भी बटन पर क्लिक नहीं करेगा क्यों कि इससे परीक्षा लॉक हो जाएगी ।**

## (ब) सामान्य निर्देश :

(1) कृपया प्रवेश पत्र में तारीख, रिपोर्टिंग समय और परीक्षा स्थल का पता नोट करें ।

(2) परीक्षा स्थल की पुष्टि करने के लिए ऑनलाइन परीक्षा से एक दिन पहले आप परीक्षा स्थल जाकर देख सकते हैं ताकि परीक्षा के दिन आप समय पर रिपोर्ट कर सकें । देरी से आनेवाले उम्मीदवारों को अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(3) आपके अपने फोटोग्राफ को प्रवेश पत्र पर चिपकाकर उसे मूलरूप में वर्तमान में वैध फोटो युक्त पहचान का प्रमाण और उसकी एक फोटोकापी के साथ लाएं - **यह अनिवार्य है । कृपया प्रवेश पत्र तथा पहचान के प्रमाणपत्र की फोटो कापी समुचित रूप से स्टेपल करके परीक्षा के अंत में पर्यवेक्षक को सौंप दें । वर्तमान में वैध फोटो पहचान प्रमाण निम्नलिखित हैं** - **पैनकार्ड/पासपोर्ट/स्थायी ड्राइविंग लाइसेंस/फोटोग्राफ वाले वोटर्स कार्ड/फोटोग्राफ युक्त बैंक पास बुक/आधिकारिक लेटर हेड पर राजपत्रित अधिकारी द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/ आधिकारिक लेटर हेड पर जन प्रतिनिधि द्वारा जारी फोटो पहचान का प्रमाण/मान्यता प्राप्त कालेज/यूनिवर्सिटी द्वारा जारी वैध वर्तमान पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त आधार/ई-आधार कार्ड/कर्मचारी का मूल पहचान पत्र/फोटोग्राफ युक्त बार कौंसिल पहचान पत्र । कृपया नोट करें** - **राशन कार्ड और लर्नर ड्राइविंग लाइसेंस को वैध पहचान-प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा ।** कृपया ध्यान दें कि प्रवेश पत्र पर लिखा गया आपका नाम फोटो पहचान प्रूफ पर दिखते नाम के बिल्कुल अनुरूप होना चाहिए । महिला उम्मीदवार जिन्होंने शादी के पश्चात अपने पहला / अंतिम /बीच के नाम में परिवर्तन किया हो वे इस पक्ष का विशेष ध्यान दें । प्रवेश पत्र पर दिए गए नाम और फोटो पहचान प्रूफ में यदि जरा भी बेमेल हुआ तो आपको परीक्षा में शामिल होने नहीं दिया जाएगा । उन उम्मीदवारों के मामले में जिन्होंने अपना नाम बदल लिया है, यदि वे राजपत्रित अधिसूचना / अपना विवाह प्रमाण पत्र/ शपथपत्र प्रस्तुत करते हैं तो ही उन्हें अनुमति दिया जाएगा ।

(4) उम्मीदवारों से अनुरोध हैं कि "टेस्ट एडमिनिस्ट्रेटर" के निर्देशों का ध्यान से अनुसरण करें । यदि कोई उम्मीदवार निर्देशों/नियमों का अनुसरण नहीं करता है तो इसे कदाचार/अनुचित तरीके अपनाने का मामला माना जाएगा और उम्मीदवार को CSIR - CGCRI द्वारा निर्णित अवधि के लिए परीक्षाओं में बैठने से वंचित कर दिया जाएगा।

(5) परीक्षा के दौरान कैलक्युलेटर (अलग या घड़ी के साथ), किताबों, नोटबुकों या लिखे नोट्स, सेल फोन (कैमेरा सहित या रहित) या अन्य किसी इलेक्ट्रानिक साधन के प्रयोग की अनुमति नहीं दी जाएगी ।

(6) सही व गलत उत्तरों के पैटर्न में समानता का पता लगाने के लिए आपके प्रत्युत्तरों का परिक्षा में सम्मिलित अन्य उम्मीद्वारों के साथ विश्लेषण किया जायेगा। यदि निर्धारित प्रक्रिया के अनुसार यह अनुमान लगता/निष्कर्ष निकलता है कि प्रत्युत्तरों में सहभागिता की गई है और प्राप्त अंक वास्तविक/वैध नहीं है तो आपको अयोग्य ठहराया या उम्मीद्वारी रद्द की जा सकती है। नकल करते, सहायता लेते या देते या उम्मीदवार के लिए अनुचित ऐसा व्यवहार करते हुए उम्मीदवार के मूल्यांकन पर विचार नहीं किया जाएगा । आगे ऐसे उम्मीदवार के खिलाफ CSIR - CGCRI उसके द्वारा उपयुक्त समझी जाने वाली कार्रवाई कर सकता है ।

(7) आपको अपने साथ एक बॉल-पाइंट पेन अवश्य लाना चाहिए। आप अपने साथ स्याही स्टैम्प पैड (नीला/काला) ला सकते है। परीक्षा के अंत में अपने उत्तर सबमिट करने से पहले जिन प्रश्नों को आप रिव्यू करना चाहते हैं उनके प्रश्न नंबर लिखने या रफ वर्क करने के लिए आपको कागज का एक पन्ना दिया जाएगा। परीक्षा पूरी होने के बाद स्थल छोड़ने से पहले आपको कागज का यह पन्ना पर्यवेक्षक के पास जमा करना अनिवार्य है।

(8) परीक्षा के प्रशासन में कुछ एक समस्या होने की संभावना से इंकार नहीं किया जा सकता, जो कि परीक्षा संचालन और/अथवा सृजित करने की कठिनाई के तौर में सामने आ सकती है। ऐसी स्थिति में इन समस्याओं के समाधान का पूरा प्रयास किया जायेगा, जिसमें उम्मीदवारों के मूवमैंट, परीक्षा में विलम्ब होना शामिल है। पुनः परीक्षा का आयोजन स्पष्ट रूप से परीक्षा संचालन के विवेक पर निर्भर करता है। उम्मीदवार पुनः परीक्षा के लिए किसी प्रकार का दावा नहीं कर सकेंगे । परीक्षा संचालन की विलम्बित प्रक्रिया में उम्मीदवारों के मूव करने की इच्छा नहीं होने अथवा भाग लेने की इच्छा नहीं होने पर उन्हें प्रक्रिया से सरसरी तौर पर निरस्त कर दिया जायेगा ।

(9) यदि परीक्षा एक से अधिक सत्र में आयोजित होती हैं तो सभी सत्रों में प्रयुक्त विभिन्न टेस्ट बैटरियों की डिफिकल्टी स्तर के अंतर को एड्जस्ट करने के लिए विभिन्न सत्रों के स्कोर को इक्वेट किया जाएगा । यदि सेंटर पर नोड क्षमता कम है या किसी केंद्र पर या कोई तकनीकी खामी किसी अभ्यर्थी के लिए होती है तो एक से अधिक सत्र की आवश्यकता हो सकती है ।

(10) परीक्षा की सामग्री या उसकी किसी अन्य जानकारी, पूर्णतया या अंशतः को प्रकट करने, प्रकाशित करने, पुनः प्रस्तुत करने, ट्रांसमिट करने, स्टोर करने या उसके ट्रांसमिशन और स्टोरेज को सुगम बनाने वाले या परीक्षा कक्ष में दिए गए कागज-पत्र को ले जाने वाले या परीक्षा सामग्री के अनधिकृत कब्जाधारी पर अभियोग चलाया जा सकता है।

**याद रखने के लिए महत्वपूर्ण बिंदु :**

आपको अपने साथ निम्नलिखित लाने की सूचना दी जाती है :

(1) फोटो सहित कॉल लेटर

(2) वर्तमान वैध फोटो ID प्रमाण और इसकी फोटोकॉपी सत्यापन हेतु साथ लेकर आएँ ।

(3) स्क्राइब घोषणा फार्म, यदि लागू हो

(4) एक बॉल पाइंट पेन और स्याही स्टैम्प पैड (ब्लू / ब्लैक)

## <u>सामाजिक दूरी संबंधी निर्देश</u>

1. अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर बुलावा पत्र में उल्लिखित समय अवधि के अनुसार ही रिपोर्ट करना है। देरी से आने वाले अभ्यर्थियों को परीक्षा देने की अनुमति नहीं दी जाएगी।

2. अभ्यर्थी के अनुक्रमांक व उनके बैठने की लैब संख्या परीक्षा स्थल के बाहर नहीं दर्शाई जाएगी, पर इसे प्रत्येक अभ्यर्थी को परीक्षा स्थल पर प्रवेश करने के समय बता दिया जाएगा।

3. परीक्षा स्थल पर अभ्यर्थियों को अनुमत सामग्री

   **अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल पर केवल निम्नलिखित सामान लाने की अनुमति होगीः**

   **क. मास्क**

   **ख. अपना हैंड सैनिटाइजर (50 मिली)**

   **ग. एक सामान्य पेन और इंक स्टैम्प पैड (नीला/काला)**

   **घ. परीक्षा संबंधी दस्तावेज (बुलावा पत्र तथा उसके साथ ID कार्ड की फोटोप्रति संलग्न हो, सत्यापन के लिए मूल ID कार्ड)**

   **ड. स्क्राइब वाले अभ्यर्थियों के मामले में - विधिवत रूप से भरा व फोटोग्राफ लगाकर हस्ताक्षर किया हुआ स्क्राइब फार्म**

   **परीक्षा स्थल के भीतर कोई अन्य सामग्री लाने की अनुमति नहीं है।**

4. अभ्यर्थी को अपने किसी भी निजी सामान/सामग्री को किसी के साथ साझा नहीं करना चाहिए।

5. अभ्यर्थी को एक दूसरे से सुरक्षित सामाजिक दूरी बनाकर रखनी चाहिए।

6. अभ्यर्थी को स्थल पर दिए गए निर्देशों के अनुसार पंक्ति में खड़े होना चाहिए।

7. यदि अभ्यर्थी स्क्राइब की सुविधा का लाभ उठा रहा है तो स्क्राइब को भी अपना मास्क लाना होगा।

8. परीक्षा पूर्ण होने पर अभ्यर्थियों को परीक्षा स्थल स्टाफ द्वारा निर्देशित किए जाने के अनुरूप भीड़ लगाए बगैर व्यवस्थित तरीके से बाहर निकलना चाहिए।

## आपको शुभकामनायें!